# दो दिवसीय कला महोत्सव से मतदाता किये जायेंगे जागरूक : के रवि कुमार

- निर्वाचन सदन में आर्ट 81 कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने को लेकर बैठक आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** निर्वाचन सदन में सोमवार को आर्ट 81 कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए जिला व मुख्यालय स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि झारखंड के युवा एवं शहरी मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए आर्ट 81 कार्यक्रम 18 से 19 अक्टूबर को रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मतदाताओं को झारखंड की कलाकृति, संस्कृति एवं चित्रकारी के माध्यम से मतदान के प्रति ज्ञानवर्धन एवं सजग करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय कला महोत्सव का जनसंपर्क के विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं के बीच वृहत प्रचार प्रसार करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्यक्रम के आयोजन का संपूर्ण तैयारी समय से करने को कहा। साथ ही पदाधिकारी इस ओर भी तैयारी कर लें कि अन्य राज्यों से आने वाले कलाकारों अथवा कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों एवं दर्शकों के लिए कार्यक्रम में उचित व्यवस्था हो।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, डॉ नेहा अरोड़ा, प्रमंडलीय आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर अंजनी कुमार मिश्रा, डीसी राहुल कुमार, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित रांची जिला एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी तथा प्रख्यात चित्रकार प्रवीण कर्मकार उपस्थित थे।

### क्या है आर्ट 81

आर्ट 81 मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा स्वीप के तहत आयोजित दो दिवसीय कला महोत्सव है। जिसका आयोजन 18 एवं 19 अक्टूबर को रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में किया जा रहा है।

### कार्यक्रम में क्या होना है

- राष्ट्र एवं राज्य स्तर के कलाकारों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर चित्रकारी किया जायेगा।
- नये वोटरों को आकर्षित करने के लिए मनोरंजक कार्यक्रमों जैसे नुक्कड़ नाटक, रंगोली, भाषण आदि का आयोजन।
- झारखंड के कलाकृति एवं संस्कृति की झलक मिलेगी।
- मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न स्टॉल की होगी व्यवस्था।

## संत जेवियर्स कॉलेज में विश्व हृदय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- हृदय रोगों की बढ़ती घटनाओं का कारण अस्वस्थ जीवनशैली

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर संत जेवियर्स कॉलेज महिला सेल द्वारा आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में हृदय स्वास्थ्य और कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन पर सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कुशाग्र महंसरिया ने हृदय स्वास्थ्य और सीपीआर की महत्वपूर्ण जीवन-रक्षक तकनीक पर व्यापक जानकारी दी।

कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एन लकड़ा, एसजे ने अपने संबोधन में हृदय रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया और बताया कि दुनिया भर में मृत्यु दर के वृद्धि में हृदय रोग प्रमुख कारणों में से एक है। मुख्य वक्ता डॉ. कुशाग्र महंसरिया ने युवाओं को बताया कि हृदय रोगों की बढ़ती घटनाओं का कारण अस्वस्थ जीवनशैली, तनाव और शारीरिक गतिविधियों की कमी से हो रही हैं।

मौके पर कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ. अजय अरुण मिंज, एसजे, परीक्षा नियंत्रक प्रो. बी.के. सिन्हा, महिला प्रकोष्ठ की डॉ. भारती सिंह रायपत सहित कॉलेज के अन्य प्राध्यापकगण सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पूर्व से चली आ रही बिजली की दर वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी लागू रहेगी

- विद्युत नियामक आयोग के महत्वपूर्ण फैसले

खबर मन्त्र संवाददाता

### किसी भी प्रकार के उपभोक्ता के लिए मीटर रेंट नहीं लगेगा

फिक्स चार्ज घंटों की संख्या से निर्धारित होगी। एचटी उपभोक्ता को 23 घंटे और एलटी उपभोक्ता को 21 घंटे बिजली आपूर्ति करनी होगी नहीं तो अनुपातिक उन्हें बिजली बिल में छूट मिलेगी।

**रांची।** पूर्व से चली आ रही बिजली की दर वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी लागू रहेगी। यदि कंज्यूमर 5 दिनों के भीतर बिल भुगतान करता है तो उसे बिल के भुगतान पर दो प्रतिशत की छूट दी जाएगी। ग्रीन एनर्जी टैरिफ के लिए जेबीवीएनएल के प्रति यूनिट 8.59 रुपए के प्रस्ताव पर आयोग ने विचार करते हुए 0.21 प्रति यूनिट की मंजूरी प्रदान की है। जेबीवीएनएल के द्वारा 2022-23, 2023-24 और 2024 -25 के लिए 30.28%, 23.99% और 19.08% के मुकाबले इन वित्तीय वर्षों के लिए 13% के डिस्ट्रीब्यूशन लॉस को मंजूरी दी है।

जेबीवीएनएल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 9806.23 करोड़ रुपए का एपीआर का दावा किया था, आयोग ने इस पर जांच करने के बाद 6883.33 करोड़ रुपए के एपीआर की मंजूरी दी है। जेबीवीएनएल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 10,502.16 करोड़ रुपए और 2024-25 के लिए 10857.93 करोड़ रुपए का एपीआर का दावा किया था, आयोग ने इस पर जांच करने के बाद 2023-24 के लिए 7350.83 करोड़ रुपए और 2024-25 के लिए 8390.63 करोड़ के एपीआर की मंजूरी दी है। कंज्यूमर को ऑनलाइन या डिजिटल मोड में बिल का भुगतान करने पर अधिकतम 250 रुपए या एक प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

## उत्तर प्रदेश में ओबीसी, एससी, एसटी समुदाय के अधिकारों का हनन कर रहे हैं योगी : राजेश गुप्ता

**रांची।** यूपी के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी अपने प्रदेश में ओबीसी, एससी, एसटी समुदाय के अधिकारों को बड़े पैमाने पर हनन कर रहे हैं। झारखंड प्रदेश में उनका राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा विरोध करता है। यह बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षक नियुक्ति में 27 प्रतिशत ओबीसी, 15 प्रतिशत एससी आरक्षण घोटाले किए गए हैं। जिसका केंद्र सरकार के राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, उच्च न्यायालय उत्तर प्रदेश ने भी ओबीसी एससी व एसटी को पूरा आरक्षण देने का निर्देश दिया बावजूद योगी सरकार ने नहीं दिया। ज्ञात हो कि शिक्षक अभ्यर्थी न्याय के लिए लखनऊ के इको गार्डन पार्क में 640 दिनों तक धरना प्रदर्शन करते रहे। उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालय में एनएफएस कर ओबीसी एससी एसटी के मेरिट दरिया को भी नियुक्ति से रोकने आदि मुद्दे के कारण उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विरोध करने का निर्णय लिया गया है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा मांग करती है कि ओबीसी विरोधी योगी आदित्यनाथ को झारखंड प्रदेश में ना भेजें। नहीं तो इनका पुरजोर विरोध होगा। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष के साथ राम अवतार कश्यप, दीनानाथ प्रसाद, अशर्फी चंद्रवंशी, वसीम अकरम, संतोष शर्मा आदि उपस्थित थे।

## झारखंडी चेतना के अग्रदूत थे पद्मश्री डॉ रामदयाल मुण्डा : मनय मुण्डा

- रांची विवि के टीआरएल संकाय में पद्मश्री डॉ राम दयाल मुंडा की 23वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में पद्मश्री डॉ राम दयाल मुंडा की 23वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर शिक्षकों, शोधार्थियों व छात्रों ने पद्मश्री डॉ राम दयाल मुंडा की तस्वीर पर पुष्पांजलि देकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ बीरेन्द्र कुमार सोय ने किया।

अध्यक्षता करते हुये मुंडारी विभाग के विभागाध्यक्ष मनय मुण्डा ने कहा कि डॉ रामदयाल मुंडा झारखंडी चेतना के अग्रदूत थे। वे झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश के एक प्रमुख विराट, बौद्धिक और सांस्कृतिक शख्सियत थे। हमें उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। डॉ किशोर सुरीन ने कहा कि डॉ मुण्डा एक विराट व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। डॉ मुण्डा आदिवासी और मूलवासियों के अधिकारों के लिये देश के विभिन्न प्रांतों से लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों तक आवाज उठाने का काम किया था।

डॉ उमेश नन्द तिवारी ने कहा कि डॉ मुण्डा को अपने अंतिम समय तक झारखंड और झारखंडियों की चिंता रही। कार्यक्रम को प्राध्यापक डॉ करम सिंह मुण्डा, डॉ कुमारी शशि ने भी संबोधित किया।

इस मौके पर विभाग के प्राध्यापक शकुंतला बेसरा, डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो, तारकेश्वर सिंह, रचना होरो, लेखन प्रकाश, सुधा मनीषा नाग के अलावा शोधार्थी, कर्मचारीगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सीएमपीडीआई ने सेवानिवृत्ति पर महाप्रबंधक मानवेन्द कुमार को किया सम्मानित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (पीएडी) मानवेन्द्र कुमार की सेवानिवृत्ति के अवसर पर सोमवार को संस्थान के कांफ्रेंस हॉल में एक विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार एवं निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा एवं निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक ने सेवानिवृत्त हो रहे श्री कुमार को पौधा, प्रतीक चिह्न व शॉल देकर कम्पनी की ओर से सम्मानित किया और उनके योगदान की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस अवसर पर यूनियन के प्रतिनिधि सतीश कुमार केशरी, प्रलय भट्टाचार्यी, टुकलाल एवं सौविक मुखर्जी तथा सीएमओएआई के प्रतिनिधि रामस्वरूप खिलेरी ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कादम्बर तथा मंच का संचालन उप प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र ने किया।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कनेक्टेक-यूईएम में मारी बाजी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कनेक्टेक-यूईएम तकनीकी बोनांजा 2024 में सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के पाइथागोरस स्टार प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं के निश्चय रतन ने पहला स्थान प्राप्त कर 7000 रुपये की नगद पुरस्कार राशि जीती। कक्षा दसवीं के ही अमन राज ने दूसरा स्थान प्राप्त कर 4000 रुपये का नगद पुरस्कार जीता, जबकि कक्षा दसवीं के श्रीहर्ष दास को प्रथम प्रशंसा पुरस्कार मिला।

पाइथागोरस प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं की जाह्नवी सिन्हा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 7000 रुपये का नगद पुरस्कार जीता और कक्षा बारहवीं के सक्षम गोयल ने दूसरा स्थान प्राप्त कर 4000 रुपये की नगद पुरस्कार राशि जीती। क्यूरियोसिटी क्विज प्रतियोगिता में वैष्णव सिंह कश्यप ने तीसरा स्थान प्राप्त कर 3000 रुपये का नगद पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय को ओवर ऑल दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों की इस अद्वितीय सफलता पर टीम को बधाई दी और उनके रचनात्मक कौशल की सराहना की।

# सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गयी विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आज सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय, रांची के विभिन्न विभागों में कार्यरत कुल छह कर्मी क्रमशः चंद्र भूषण सहाय, महाप्रबंधक (खनन), ओएसडी विभाग, राकेश कुमार, महाप्रबंधक (असैनिक), असैनिक विभाग, डॉ. जगमल सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गांधीनगर अस्पताल, अभय कुमार सिंह, मुख्य प्रबंधक (असैनिक), असैनिक विभाग, सफरुद्दीन अंसारी, बेयरर, वाशरी विभाग एवं जयनाथ मुंडा, वरीय रिंगमैन, लपंगा ड्रिलिंग कैंप को सीसीएल परिवार की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन कर उनके सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। ज्ञात हो कि सितम्बर माह, 2024 में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 78 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। इस मौके पर सीसीएल मुख्यालय में पदस्थापित महाप्रबंधक (अधिकारी स्थापना), संजय कुमार ठाकुर, महाप्रबंधक (पी एंड आईआर), नवनीत कुमार, महाप्रबंधक (नगर प्रशासन), राजेश मोहन सहित अन्य विभागों के महाप्रबन्धक/विभागाध्यक्षगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे।



इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) सम्मान समारोह के दौरान प्रदर्शित की गयी। इस फिल्म में सभी सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी निरंतर नयी ऊंचाइयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमडी, सीसीएल निलेन्दु कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों से कहा कि आप सभी लोग अपनी मेहनत, समर्पण और निष्ठा से न सिर्फ कंपनी को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, बल्कि कंपनी की पूरी तरह से कायाकल्प किया है। उन्होने कहा कि आपकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता से कंपनी ने अनगिनत सफलताएं हासिल की हैं।

सीएमडी, सीसीएल ने कहा कि आपके अनुभव, ज्ञान और मार्गदर्शन ने इस कंपनी को हर चुनौती का सामना करने के काबिल बनाया है और आज कंपनी खनन क्षेत्र के साथ-साथ सोलर प्लांट आदि में भी दक्षता हासिल किया है। श्री सिंह ने कहा कि आप अपने जीवन के इस नए अध्याय की ओर बढ़ रहे हैं जहां आप अपने ख्वाबों को उडान दें जो कंपनी के सर्विस पीरियड में आपने किसी कारण पूरा नहीं कर पाए हैं। मंच का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पांडेय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों एवं अन्य विभागों का विशेष योगदान रहा।

## खबर एक नजर में

### राष्ट्रीय जयहिन्द पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक में लिये गये कई निर्णय




**रांची।** राष्ट्रीय जयहिन्द पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक केंद्रीय सचिव मो. शमीम अंसारी की अध्यक्षता में इलाही नगर पुनदाग में सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में पार्टी को समृद्ध करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष बबन चौबे उपस्थित हुए और परस्पर विचार विमर्श के पश्चात पार्टी के पदाधिकारी गणों को निर्देश दिया कि युद्ध स्तर पर पार्टी के प्रचार प्रसार संगठन विस्तार में जुट जायें और साथ ही संपूर्ण झारखंड में 5 लाख सक्रिय सदस्य बनाये जाने पर जोर दिया। साथ ही झारखंड में सभी जिलों में प्रभारी अध्यक्षों की नियुक्ति की जायेगी। बैठक में तौफीक अंसारी, सुरेंद्र सिंह, रामसेवक साह, विष्णु कुमार, बिसू सिंह, अशोक चौधरी, गंगा यादव, दिनेश्वर पांडे, अभिषेक दुबे सहित समिति अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### हिल टॉप पब्लिक स्कूल बरियातू में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन



**रांची।** हिल टॉप पब्लिक स्कूल बरियातू में सोमवार को नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। रिलेशंस के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ सौम्या सिन्हा ने सैकड़ों छात्र-छात्राओं की दांतों की जांच कर उसकी देखभाल के लिए जागरूक किया। डॉ सौम्या ने कहा कि बच्चे दांतों की सफाई पर ध्यान नहीं देते हैं। इस कारण दांतों में कैविटी ज्यादा जमा हो जाती है। इससे दांतों में सड़न होने लगती है। इसलिए दांतों की स्वच्छता पर हमें विशेष ध्यान देना चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से हिल टॉप पब्लिक स्कूल की प्राचार्या संगीता राज, उप प्राचार्या सुनीता श्रीवास्तव, रिलेशंस के आशुतोष द्विवेदी, रंजित गुप्ता समेत आई एस जाकी, सीमा लाला, पुरोबी रॉय, सिबानी, मौसमी भट्टाचार्य, शंकर, स्नेहा, गार्गी, सूर्यकांत, साधना, प्रियंका, सिमकी बिस्वास, सरिता, निकिता, सविता सिंह कई लोग शामिल थे।

### जन आरोग्य केंद्र, सीसीएल ने नागा बाबा खटाल में किया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**रांची।** सीसीएल जन आरोग्य केंद्र द्वारा नागा बाबा खटाल में सब्जी एवं फल विक्रेताओं के बीच एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 206 लोगों की जांच की गयी और उन्हें चिकित्सीय सलाह दी गई। ज्ञात हो कि सीसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला उत्पादन के साथ-साथ अपने कर्मियों एवं हितधारकों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए इस तरह का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय-समय पर करते रहती है। शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस, सीसीएल, डॉ. रत्नेश जैन, महाप्रबंधक (सामान्य प्रशासन) सुजीत कुमार गोस्वामी, सीएमओ, सीएसआर, डॉ. प्रीती तिग्गा, डॉ. शशिकांत प्रसाद, डॉ. अनीता होरो, डॉ. शिल्पी शर्मा, डॉ. जयंत नियोगी, डॉ. रजनी दीपा, डॉ. शिल्पी झा, डॉ. अम्बरीष कुमार, डॉ. शिखा एवं पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम ने उत्तराखंड को हराकर राष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने की पात्रता हासिल की



**रांची।** भिलाई में डीडीसी द्वारा आयोजित क्वालीफाई मैच में झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम ने उत्तराखंड को 50 रनों से हराया। झारखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 115 रन बनाए जवाबी पारी में उत्तराखंड की टीम 65 रन बन पाई और पूरी टीम ऑल आउट हो गई। झारखंड की तरफ से कप्तान मनीष ने शानदार पारी खेलते हुए 54 रन बनाएं। मनीष कुमार का साथ विकास यादव ने दिया विकास यादव ने 36 रन बनाए और तीन विकेट भी लिए। यह क्वालीफाई मैच था, अब झारखंड टीम फोर्थ नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने के लिये उदयपुर जायेगी। झारखंड के ऐतिहासिक जीत पर संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, डीडीसी के राष्ट्रीय सचिव रविकांत चौहान, झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट अर्चित आनंद, वाइस प्रेसिडेंट सर्फे आलम, जग्गू, वारिस कुरैशी, आफताब आलम, मुकेश कुमार दुबे, मोहम्मद शाहिद, तबरेज अंसारी, जाहिद अंसारी, अफरोज आलम ने टीम को बधाई दी।

### अल्टीमेट फिटनेस जिम के हरि कुमार सेरसड़ा को बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में मिला प्रथम स्थान



**रांची।** वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन द्वारा आयोजित मिस्टर एंड मिस झारखंड स्टेट बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस चैंपियनशिप का दो दिवसीय आयोजन हटिया चांदनी चौक स्थित बिशु प्लेस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में झारखंड के अलग-अलग जिलों से 100 से अधिक पुरुष और महिला बॉडी बिल्डरों ने भाग लिया। जिसमें पुरुष वर्ग में पहला स्थान डोरंडा नीलम कॉम्प्लेक्स स्थित अल्टीमेट फिटनेस जिम के बॉडी बिल्डर हरि कुमार सेरसड़ा को मिला। मौके पर अल्टीमेट फिटनेस जिम के संचालक मोहम्मद वसीम रजा ने हरि कुमार को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### लायंस रांची ईस्ट का गरबा डांडिया नृत्य प्रतियोगिता आयोजित



**रांची।** लायंस रांची ईस्ट द्वारा सोमवार को गरबा डांडिया नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन क्लब के मल्टीपर्पस हॉल में किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात मां दुर्गा की आरती से हुई और उसके बाद सदस्यों और उनके परिवार के सदस्य मुरली डांस ग्रुप के निर्देशन में लगातार गीतों के धुन पर नृत्य करते रहे। क्लब के अध्यक्ष लायन संजय पोद्दार ने सदस्यों का स्वागत किया और नवरात्र की शुभकामनाएं दीं। सचिव सुनीता अग्रवाल ने मासिक प्रतिवेदन एवं कोषाध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में बच्चों की श्रेणी में प्राजिता वयस्कों की श्रेणी में नूतन झा, मधु मानेक एवं स्वाति मिश्रा को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लायन जूथिका सान्याल और लायन अनिता झा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी, दिवाकर राजगढ़िया, नरेश कुमार, रतन अग्रवाल, किशोर मंत्री, भारतेंदु झा, शिवानी सोनी स्वाति साहा, रेणु जैसवाल, शायरी अग्रवाल, अमित कुमार, रामकृष्ण जी, रवि आनंद, आनंद मानेक सहित कई सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी लायन अनिता झा ने दी।

